समाचार

# कचरे के निपटान में एस.एल.आर.एम. सेंटर की भूमिका महत्वपूर्ण–महापौर

## (रविशंकर शुक्लनगर दादरनाला के पास नवनिर्मित एस.एल.आर.एम.सेंटर का लोकार्पण किया महापौर ने)



कोरबा 14 जून 2019–महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज कहा है कि शहर की स्वच्छता एवं कचरे के समुचित निपटान में एस.एल.आर.एम.सेंटरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गयी है, उन्होने कहा कि निगम क्षेत्र में संचालित 19 एस.एल.आर.एम. सेंटरों में सूखे व गीले कचरे का पृथकीकरण एवं उसके समुचित निपटान होने से शहर की सफाई व्यवस्था में व्यापक बदलाव हुए हैं तथा कचरे के ढेर से मुक्ति मिल रही है।

उक्त बातें महापौर श्रीमती अग्रवाल ने आज निगम द्वारा नवनिर्मित एस.एल.आर.एम.सेंटर के लोकार्पण अवसर पर कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा पं.रविशंकर शुक्लनगर दादरनाला के समीप 24 लाख 78 हजार रूपये की लागत से एस.एल.आर.एम.सेंटर का निर्माण कराया गया है, जिसका लोकार्पण आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के द्वारा किया गया । उन्होने लोकार्पण पट्टिका का अनावरण कर उक्त केन्द्र को निगम के स्वच्छता कार्यो हेतु समर्पित किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने आगे कहा कि निगम द्वारा अपने क्षेत्र के सभी वार्डो में डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण की व्यवस्था की गई है, सफाईमित्र घर–घर पहुंचकर कचरे को संग्रहित करते हैं एवं उसे एस.एल.आर.एम.सेंटरों पर लाकर कचरे का उचित समापन की प्रक्रिया की जाती है। उन्होने कहा कि इसके परिणाम स्वरूप अब चौक–चौराहों, सड़कों, नालियों व सार्वजनिक स्थानों में कचरा कम दिखाई देते हैं और इसका सकारात्मक परिणाम निगम की साफ–सफाई व्यवस्था व शहर को साफ–सुथरा रखने में दिखता है। उन्होने इस मौके पर सफाईमित्रों से कहा कि वे प्रत्येक घर से कचरे का संग्रहण करें तथा यह देखें कि कोई भी घर इससे छूटने न पाएं।

सफाई व्यवस्था में आया गुणात्मक सुधार– महापौर श्रीमती अग्रवाल ने इस मौके पर आगे कहा कि विगत दो–तीन वर्षो के दौरान निगम की साफ–सफाई व्यवस्था में व्यापक रूप से गुणात्मक सुधार आया है, निगम द्वारा स्वच्छता कार्य संबंधी संसाधनों में काफी वृद्धि की गई है, सफाई कार्यो की नियमित मानीटरिंग एवं नियमित सफाई कार्यो पर विशेष फोकस किया गया है, परिणाम स्वरूप शहर पहले से ज्यादा स्वच्छ एवं साफ–सुथरा दिखता है।

**<u>सफाईमित्रों को किया रिक्शों का वितरण</u>**– लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती अग्रवाल ने डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण कार्य में अपनी सेवाएं देने वाले सफाईमित्रों को रिक्शों का वितरण किया तथा नगर की सफाई व्यवस्था व शहर को साफ–सुथरा रखने में सफाइमित्रों की भूमिका को अत्यंत सराहनीय बताया।

इस अवसर पर पार्षद महेन्द्र सिंह चौहान एवं प्रदीप जायसवाल, निगम के कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. सारस्वत, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता तपन तिवारी, एन.के. नाथ, अनिरूद्ध शुक्ला, उप अभियंता अजूलता तिग्गा, शिल्पा राठौर, देव जायसवाल, अरूण यादव, दविन्द्रर गांधी, अतहर ईमाम, ममता कुर्रे, रश्मि साहू, मीनू सैय्यद, नफीसा कुरैशी आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।